पत्रिका

Jodhpur News: नकली फर्टिलाइजर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, नमक पर कलर कर बनाते थे खाद

फलोदी शहर में नकली फर्टिलाइजर (खाद) बनाने की फैक्ट्री का भांडाफोड़ हुआ है। पुलिस की सूचना पर कृषि विभाग ने नकली खाद बनाने की फैक्ट्री को पकड़ी है, वहीं पुलिस की टीम ने भी नकली खाद बनाने के मामले में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। कृषि विभाग ने भी फैक्ट्री को सीज कर फैक्ट्री में रखे सामान को जब्त करने के साथ जांच शुरू कर दी है।

रंगीन नमक बनाकर हाईजिंक की पैकेजिंग में बेचते थे

कृषि विभाग के कृषि अधिकारी ताराचंद बोचल्या ने बताया कि एकां चौराहा के पास एक दुकान में नकली फर्टिलाइजर बनाने की फैक्ट्री को पकड़ा है। इसमें हाई जिंक नाम की पैकेजिंग कर बाहरी जिलों के खाद-बीज विक्रेताओं को बेची जा रही थी। इस फैक्ट्री पर नाम व पता कहीं पर भी नहीं लिखा गया था। इसके चलते कृषि विभाग का भी ध्यान नहीं जा पाया, लेकिन मुखबिर की सूचना पर पुलिस थाना फलोदी की टीम ने यह फैक्ट्री पकड़ी और कृषि विभाग को इसकी सूचना दी। विभागीय टीम मौके पर पहुंची और सैपल की जांच की तो नमक से नकली हाई जिंक बनाने का मामला सामने आया। इसके बाद कृषि विभाग ने फैक्ट्री सीज कर फैक्ट्री में रखे सामान सीज कर सैंपल लिए हैं।

1760 बैग भर नमक पहुंचा था फैक्ट्री

नकली हाई जिंक खाद बनाने के लिए गुरुवार को एक ट्रक भर नमक फैक्ट्री में पहुंचा था। जो फैक्ट्री के गोदाम में खाली किया जा रहा था और करीब 193 बैग गोदाम में खाली किए जा चुके थे। ठीक उसी समय पुलिस मौके पर पहुंच गई और ट्रक से उतारे जा रहे बैग की जांच की और बिल्टी देखी तो नमक की बिल्टी कटी हुई थी और भीतर जांच करने पर फर्टिलाइजर की खाली व पैकेजिंग माल पड़ा था। जिस पर कृषि विभाग को सूचित किया। फैक्ट्री में माल के सैंपल लेने की कार्रवाई देर रात तक जारी थी और मौके से पुलिस ने तीन लोगों को दस्तयाब कर लिया था।

गुड़गांव से जुड़े हैं तार

गौरतलब है कि फलोदी में चलाई जा रही फर्टिलाइजर की फैक्ट्री के तार गुड़गांव से जुड़े है। वहां की कपनी के नाम से पैकेजिंग सामान मिला है, वहीं दस्तयाब किया गया एक व्यक्ति भी गुड़गांव का निवासी है। इस फैक्ट्री में तैयार माल फलोदी के बजाय अन्य जिलों में आपूर्ति किया जाता था।

Source: https://www.patrika.com/jodhpur-news/fake-fertilizer-manufacturing-factory-caught-in-phalodi-fertilizer-was-made-by-coloring-salt-18853008